

मैं अपनी बल्लेबाजी का आनंद ले रहा हूं। लेकिन हमेशा टीम और परिस्थितियां मेरे दिमाग में रहती है। ऐसा नहीं है कि क्रीज पर उतर कर बिना सोचे समझे ही अपना बल्ला घुमाने लग जाता हूं। मुझे पता है कि कब कौन से शॉट खेलने हैं। - रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान, अपनी बल्लेबाजी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## दिव्याकृति सिंह



एशियाई खेलों में घुड़सवारी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली दिव्याकृति सिंह ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। दिव्याकृति ने आज उपराष्ट्रपति भवन में जगदीप धनखंड़ से मुलाकात की। इस दौरान दिव्याकृति ने एशियाई खेलों में जीते गये स्वर्ण पदक को उपराष्ट्रपति को दिखाया। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें भी साझा की। उल्लेखनीय है कि दिव्याकृति ने हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी में टीम स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था, वह घुड़सवारी में एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# भारत ने 302 रन से श्रीलंका को हराया

## शमी ने 5 विकेट लिये, वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत, सेमीफाइनल में पहुंचा भारत



**मुंबई, 2 नवम्बर। शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप में श्रीलंका को 302 रन से हरा दिया। यह वर्ल्ड कप इतिहास में भारत की सबसे बड़ी जीत है। भारत ने अपना 16 साल पुराना रिकॉर्ड बेहतर किया। टीम ने 2007 में बरमुडा को 257 रन से हराया था। भारत ने इस वर्ल्ड कप में लगातार 7वां मैच जीतकर सेमीफाइनल में सबसे पहले जगह पक्की की। टीम के 7 मैचों में 14 अंक हो गए और टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 357 रन बनाए। मौजूदा सीजन में यह टीम का बेस्ट स्कोर है। दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 19.4 ओवर में 55 रन पर ऑल आउट कर दिया। टीम इंडिया से मोहम्मद शमी ने 5, मोहम्मद सिराज ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिए। एक विकेट स्पिनर रवींद्र जडेजा को मिला। इनसे पहले शुभमन गिल ( 92 बॉल पर 92 रन ), विराट कोहली ( 94 बॉल पर 88 रन ) और श्रेयस अय्यर ( 56 बॉल पर 82 रन ) शतक बनाने से चूक गए।**





### कोहली-गिल की पारी ने भारत को 190 पार पहुंचाया, मदुशंका ने तोड़ी पार्टनरशिप

पावरप्ले-1 में संभली हुई शुरुआत के बाद कोहली और गिल की जोड़ी ने भारतीय पारी को 100 रन के पार पहुंचाया। दोनों ने खराब गेंदों पर अच्छे शॉट्स जमाए। पहले कोहली फिर गिल ने अपनी फिफ्टी पूरी की। कोहली ने 70वीं और गिल ने वनडे करियर की 11वीं फिफ्टी पूरी की। गिल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 179 बॉल पर 189 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को दिलशान मदुशंका ने 30वें ओवर की आखिरी बॉल तोड़ा, उन्होंने गिल को स्लोअर बाउंसर पर विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच कराया। 11 से 30 ओवर के बीच के भारतीय टीम ने एक विकेट खोकर 133 रन बनाए। 30 ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर 193/2 रहा।

### भारत का इस वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर

टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने इस वर्ल्ड कप में पहली बार 350 का स्कोर खड़ा किया। टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 357 रन बनाए। भारत से शुभमन गिल ने 92, विराट कोहली ने 88 और श्रेयस अय्यर ने 82 रन बनाए। श्रीलंका से दिलशान मदुशंका ने 5 विकेट झटके। वहीं दुष्मंथा चमीरा को एक विकेट मिला।

### भारतीय टीम में बदलाव नहीं, श्रीलंका में एक बदलाव

भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ, वहीं श्रीलंका टीम में धनंजय डी सिल्वा की जगह दुषन हेमंथ को मौका दिया गया।

### आखिरी 20 ओवर में भारत ने 164 रन बनाए

गिल 30वें ओवर में 92 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद कोहली भी 88 रन बनाकर आउट हो गए। यहां से केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने पारी संभाली, दोनों ने 60 रन की पार्टनरशिप कर टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। राहुल 21 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन श्रेयस ने महज 56 गेंद पर 82 रन बना दिए। उनके स्कोर की बदौलत टीम ने आखिरी 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 164 रन बना लिए।

### रोहित 4 रन पर आउट, कोहली-गिल की फिफ्टी पार्टनरशिप

4 रन पर कप्तान रोहित शर्मा आउट हो गए। यहां से ओपनर शुभमन गिल और विराट कोहली ने भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले में दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। पहले 10 ओवर में भारतीय टीम ने एक विकेट पर 60 रन बनाए। दूसरी ओर श्रीलंकाई खेमे ने खराब फील्डिंग की। 5वें ओवर में चरिथ असलंका ने गिल और छठे ओवर में दुष्मंथा चमीरा ने विराट कोहली का कैच छोटा। इस दौरान बाउंड्री रोकने में भी गलतियां हुईं।

## शमी ने बनाया एकदिवसीय मुकाबलों में चार बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड

मुम्बई, 2 नवंबर। मोहम्मद शमी गुरुवार को आईसीसी विश्वकप 2023 के 33वें मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट लेकर एकदिवसीय मुकाबलों में चार बार यह कारनाम करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गये है। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में शमी ने जैसे ही श्रीलंका के कसुन रजिथा को आउट किया, वैसे ही वह एकदिवसीय क्रिकेट में चार बार पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने गये। इससे पहले जहीर खान और हरभजन सिंह ये कारनामा 3-3 बार किया था। उन्होंने तीन बार पांच विकेट लेने के रिकार्ड को भी तोड़ दिया। शमी की घातक गेंदबाजी के बदौलत भारत ने श्रीलंका को 302 रनों से हराया दिया।

## अनिर्बान और अर्चना ने टेटे एकल में जीता स्वर्ण पदक

पणजी, 2 नवंबर। पश्चिम बंगाल के तीसरी वरीयता प्राप्त अनिर्बान घोष ने पुरुष एकल फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त दिल्ली के यशांश मलिक को 4-0 से और महिला वर्ग में अर्चना ने दीया को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा में गुरुवार को स्वर्ण पदक जीते।

आज यहां कैंपल इंडोर स्टेडियम में हुए मुकाबले में कर्नाटक की अर्चना कामथ ने महाराष्ट्र की दीया चितले को 4-1 से हराकर महिला एकल का स्वर्ण पदक जीता। वही पुरुष वर्ग में अनिर्बान को फाइनल में दिल्ली के यशांश को हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। तीसरे गेम को छोड़कर पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी आसानी से हरा दिया।

महिला वर्ग में चौथे गेम में एक क्षण ऐसा आया जब दीया लय में आ गई। लेकिन वह ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी और अर्चना ने पांचवें गेम में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया, जबकि दीया को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हालाँकि, दीया मिश्रित युगल में स्वर्ण जीतने और महाराष्ट्र की महिलाओं को टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने में मदद करने पर गर्वांवित है। पुरुष एकल में यशांश को असम के प्रियनुज भट्टाचार्य के खिलाफ आसानी से मुकाबला करना पड़ा, जबकि सेमीफाइनल में अनिबन घोष को अपने पश्चिम बंगाल के साथी अंकुर भट्टाचार्य से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

यशांश ने अच्छी शुरुआत की लेकिन असम के खिलाड़ी से दूसरा गेम हार गए। फिर भी दिल्ली के खिलाड़ी के पास मजबूत वापसी करने और विस्तारित तीसरे गेम सहित काम को अच्छी तरह से खत्म करने का कौशल था। लेकिन पश्चिम बंगाल के दो खिलाड़ी वर्चस्व की लंबी लड़ाई में उलझ गए। अंकुर ने अच्छी शुरुआत की और 2-1 से आगे भी हो गए, इससे पहले कि अनिर्बान ने अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना हमला शुरू किया और 3-2 से आगे होने की पहल पर पकड़ बनायी। अंकुर और अनिर्बान ने पुरुष युगल फाइनल में उत्तर प्रदेश के अभिषेक यादव और दिव्यांश श्रीवास्तव को हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। उत्तर प्रदेश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र की स्वास्तिका घोष और श्रुति के दाएं-बाएं संयोजन ने एक गेम हारने के बावजूद पश्चिम बंगाल की सागरिका और कौशानी की जोड़ी को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल करना आसान बना दिया।

## रिंकू पर भारी नेहाल की पारी, पंजाब सेमीफाइनल में

मोहाली, 2 नवंबर। रिंकू सिंह (33 गेंदो पर 77 रन नाबाद) और समीर रिजवी (29 गेंदों पर 42 रन नाबाद) की आतिशी पारी के बावजूद उत्तर प्रदेश गुरुवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के क्वार्टर फाइनल में पंजाब से पांच विकेट से हार कर मुकाबले से बाहर हो गया। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आई एस बिंद्रा स्टेडियम पर उत्तर प्रदेश पहले बल्लेबाजी करते हुये एक समय 11 ओवर में तीन विकेट पर 53 रन बना कर संघर्ष कर रहा था मगर रिंकू और समीर की जोड़ी ने अगले नौ ओवर में 116 रन जोड़ कर 169 रन का चुनौती पूर्ण लक्ष्य खड़ा कर लिया। दोनो अंत तक आउट नहीं हुये। जवाब में मेजबान टीम ने विजय लक्ष्य 19.1 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया और पांच विकेट से जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पंजाब की जीत के नायक नेहाल बढेरा (39 गेंद पर 52 रन) और सनवीर सिंह (13 गेंद पर 35 रन नाबाद) बने। बढेरा को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। यूपी की तरह पंजाब के भी तीन विकेट मात्र 14 रन पर ढेर हो गये थे मगर अनमोल प्रीत सिंह (43) ने बढेरा के साथ मिल कर पारी को संवारा और स्कोर को 86 रनों पर पहुंचाया। उत्तर प्रदेश के मोहसिन खान ने 34 रन पर तीन विकेट हासिल किये जबकि भुवनेश्वर कुमार को 22 रन खर्च करने पर दो विकेट मिले।

## पीएनबी मेटलाइफ पंजाब ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप की शानदार शुरुआत

जालंधर, 1 नवंबर। पंजाब में जालंधर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रितिन खन्ना ने स्थानीय रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में पांच दिवसीय पीएनबी मेटलाइफ पंजाब ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का बुधवार को शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए चीफ रेफरी रवि चौहान ने बताया कि इस चैंपियनशिप में पंजाब के करीब 900 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अंडर नौ से लेकर अंडर 17 तक लड़के और लड़कियों के एकल के मुकाबले करवाये जा रहे हैं। चैंपियनशिप में 516 लड़के और 222 लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं। विजेताओं को चार नवंबर को तीन लाख के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों के लिये खान-पान का विशेष तौर से प्रबंध किया गया है। जेबीसी मेटलाइफ टूर्नामेंट देश के 10 शहरों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 8500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो कि एक विश्व रिकॉर्ड भी है। दस नवंबर को दिल्ली में इस टूर्नामेंट का समापन होगा, जिसमें विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी मुख्य अतिथि होंगे।

## दिव्याकृति सिंह ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

नयी दिल्ली, 2 नवंबर। एशियाई खेलों में घुड़सवारी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली दिव्याकृति सिंह ने गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। दिव्याकृति ने आज उपराष्ट्रपति भवन में श्री जगदीप धनखंड़ से मुलाकात की। इस दौरान दिव्याकृति ने एशियाई खेलों में जीते गये स्वर्ण पदक को उपराष्ट्रपति को दिखाया। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें भी साझा की। उल्लेखनीय है कि दिव्याकृति ने हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी (ड्रेसेज) में टीम स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था, वह घुड़सवारी में एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

## मुश्ताक अली : विदर्भ के खिलाफ दिल्ली की आसान जीत

मुल्लनपुर, 2 नवंबर। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत (68) की शानदार अर्धशतकीय पारी और चुस्त गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली ने मुश्ताक अली ट्राफी के क्वार्टर फाइनल में विदर्भ के खिलाफ 39 रन की आसान जीत हासिल की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा ने मुबंई को तीन विकेट से हरा कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। मुबंई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आठ विकेट पर 148 रन बनाये जिसके जवाब मे बड़ौदा ने विजय लक्ष्य सात गेंद शेष रहते सात विकेट खोकर हासिल कर लिया।

महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुये छह विकेट पर 176 रन बनाये जिसके जवाब में विदर्भ की टीम निर्धारित 20 ओवर में 137 रन ही बना सकी। रावत ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी टीम को मजबूत आधार प्रदान किया जबकि बाद में शानदार विकेटकीपिंग का मुजाहिरा करते हुये दो बेहतरीन कैच लपक कर विरोधी टीम को मुश्किलों के भंवर में ढकेला। उन्हे प्लेयर आफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। रावत के अलावा यश ढुल (43) ने भी अपनी कप्तानी का फर्ज अदा किया।

करीब नौ रन प्रति ओवर की दर से विजय लक्ष्य प्राप्त करने का जज्बा आज विदर्भ के बल्लेबाजों में पूरे मैच में कहीं नहीं दिखा। दिल्ली के गेंदबाजों की अनुशासित गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण के चलते विदर्भ के विकेट नियमित अंतराल में गिरते गये और जीत उनसे कोसों दूर होती चली गयी। शुभम दुबे (44 नाबाद) के अलावा अथर्व तायडे (29) ही कुछ समय तक क्रीज पर रूकने की हिम्मत जुटा सके। विदर्भ के छह बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

## अनुष्का की तिकड़ी की बदौलत रॉयल ने ग्रोइंग को 8-0 से रौंदा

नयी दिल्ली, 2 नवंबर। महिला प्रीमियर लीग में गुरुवार को रॉयल रेंजर्स ने अनुष्का सैमुअल के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत फिसड्डी ग्रोइंग स्टार को आठ गोलों से रौंद दिया। वहीं एक अन्य मुकाबले में पुष्पा के दो दर्शनीय गोलों से ईव्स एफसी ने सिग्नेचर एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। आज यहां नेहरू स्टेडियम मैदान पर खेले गये मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच अनुष्का सैमुअल तीन गोल किये। मुकाबले की शुरुआत से ही रॉयल रेंजर्स की स्टार स्ट्राइकर अनुष्का ने कमजोर प्रतिद्वंद्वी की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाये रखा और छठे मिनट में टीम का खाता खोल दिया। तत्पश्चात दो और गोल किये। समदर्शनी ने दो और गीतिका, शरण और ज्योति ने एक एक गोल किये। वहीं दूसरे मुकाबले में सिग्नेचर के लिए लावण्या और आशा ने एक एक गोल जमाए। ग्रोइंग अभी अंकों का खाता नहीं खोल पाई है। शुक्रवार को महिला प्रीमियर लीग का बहुप्रतीक्षित मुकाबला गढ़वाल यूनाइटेड और रेंजर्स एससी के मध्य खेला जाना है।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल चोटिल

### इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे मुकाबला

अहमदाबाद, 1 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका उसके हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल गोल्फ कोर्ट में गिरने से चोट लगाने के कारण चार नवंबर को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप अगले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे।

मैक्सवेल को सोमवार देर शाम गुजरात में एक गोल्फ कार्ट के पीछे सवारी करने दौरान गिरने से काफी चोट लग गई थी। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कन्कशन नियमों के आधार पर ऑलराउंडर को अहमदाबाद में इंग्लैंड के साथ होने वाले मुकाबले से बाहर कर दिया गया है।

यह दूसरी बार है जब स्टार ऑलराउंडर को 12 महीने से भी कम समय में दूसरी बार दुर्घटना में चोटिल हुए है। इससे पहले पिछले नवंबर में एक निजी पार्टी में उनका पैर टूट गया था। वह हाल ही में चोट से उबरे हैं।

मैक्सवेल की कमी ऑस्ट्रेलिया को काफी खलेगी। वह मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में है उन्होंने टूर्नामेंट में 148.48 की स्ट्राइक-रेट से 196 रन बनाए हैं। इसमें दिल्ली में नीदरलैंड के खिलाफ 44 गेंदों में 106 रन शामिल है यह पुरुष क्रिकेट विश्व कप का रिकॉर्ड सबसे तेज़ शतक है। उन्होंने चार विकेट भी अपने नाम किए।

## डी कॉक का वर्ल्ड कप में चौथा शतक

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। साउथ अफ्रीका का वनडे वर्ल्ड कप 2023 में ड्रीम रन जारी है। महज एक मुकाबला हारने के बाद टीम ने 7 में से 6 मैच जीत लिए हैं, उन्होंने न्यूजीलैंड को 190 रन के बड़े अंतर से हराया। साउथ अफ्रीका की इस जीत में विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक ने टूर्नामेंट का चौथा शतक लगाया। उन्होंने 116 बॉल पर 114 रन की पारी खेली। उन्होंने रासी वान डर डसन के साथ रिकॉर्ड 200 रन की पार्टनरशिप भी की। साउथ अफ्रीका ने पुणे में पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 357 रन बनाए। टीम ने टूर्नामेंट में इस बार 7वें ही मैच में चौथी बार 350 से ज्यादा रन का स्कोर बना दिया। साउथ अफ्रीका एक वर्ल्ड कप में 4 बार 350 प्लस का स्कोर बनाने वाली पहली टीम बनी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने भी इसी टूर्नामेंट में 3 बार 350 से ज्यादा का स्कोर बनाया है।

## सचिन तेंदुलकर की बराबरी करने से चूके विराट कोहली

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। श्रीलंका के खिलाफ वर्ल्ड कप मुकाबले में विराट कोहली ने 88 रन बनाए। वह 49वां वनडे शतक लगाने से चूक गए और सचिन तेंदुलकर के सेंचुरी रिकॉर्ड की बराबरी नहीं कर पाए। सचिन के नाम 49 वनडे शतक हैं। कोहली ने अब तक 48 शतक जमाए हैं। इस मैच में विराट ने वनडे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन के मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया लेकिन कुछ रिकॉर्ड्स बनाने से चूक गए।

विराट को सचिन के वनडे क्रिकेट में 49 शतक की बराबरी करने का इंतजार है। सचिन के नाम 463 मुकाबलों में 49 शतक हैं। विराट अपने 288वें वनडे में ये मुकाम हासिल कर सकते थे लेकिन 12 रन से इस रिकॉर्ड को हासिल करने से चूक गए। विराट आज सेंचुरी लगाकर लिमिटेड ओवर्स में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी बन सकते थे। कोहली के वनडे में 48 और टी-20 में एक शतक है, यानी कुल 49 सेंचुरी। अब विराट लिमिटेड ओवर्स यानी व्हाइट बॉल क्रिकेट में 50 शतक का रिकॉर्ड बना सकते थे। सचिन के नाम 463 वनडे और एक टी-20 मैच में 49 शतक हैं। जबकि विराट ने 288 वनडे और 115 टी-20 मुकाबलों में ही इतने शतक लगा दिए।

विराट कोहली वैसे तो चेज मास्टर हैं, वनडे में रनों का पीछा करते हुए उनके नाम सबसे ज्यादा 27 शतक हैं। दूसरे नंबर पर मौजूद सचिन सेंचुरी के मामले में कोहली के आसपास भी नहीं हैं, जिनके नाम 17 सेंचुरी हैं। लेकिन विराट आज पहली पारी में शतक लगाकर भी एक रिकॉर्ड बना सकते थे। पहले बैटिंग करते हुए उनके नाम 21 शतक हैं, आज सेंचुरी लगाकर वह साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला को पीछे छोड़ सकते थे।

## अय्यर ने 106 मीटर लम्बा सिक्स लगाया

नई दिल्ली, 2 नवम्बर। वनडे वर्ल्ड कप में गुरुवार को भारत ने श्रीलंका को 302 रन से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 357 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका 19.4 ओवर में 55 रन पर ऑलआउट हो गया। मैच की पहली इनिंग्स में विराट कोहली और शुभमन गिल को जीवनदान मिले। जबकि श्रेयस अय्यर ने टूर्नामेंट का सबसे लंबा सिक्स लगाया। वहीं, दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका के टॉप ऑर्डर को चलता कर दिया। मैच से पहले क्रिकेट दिग्गज भारत के सचिन तेंदुलकर और श्रीलंका के लीजेंडरी स्पिनर मुथैया मुरलीधरन वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और यूनिसेफ आज वानखेड़े स्टेडियम में वन डे 4 चिल्ड्रन मना रहे हैं। इस अवसर पर साउथ एशिया के पहले रीजनल एम्बेसडर के तौर पर सचिन तेंदुलकर और के एम्बेसडर मुथैया मुरलीधरन मैदान पर आए।

## हिमाचल : महिला हैंडबॉल टीम के चयन पर विवाद, उच्च स्तरीय जांच की मांग

शिमला, 1 नवंबर। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा लिए गए हैंडबॉल टीम के ट्रायल पर खिलाड़ियों ने आपत्ति जताई है। खिलाडियों ने एक निजी हैंडबॉल अकादमी की संचालिका पर धांधली के आरोप जड़े है। चयनित टीम बुधवार को नेशनल गेम्स में हिस्सा लेने रवाना हो गई। दरअसल, खिलड़ियों का कहना है कि हिमाचल की महिला हैंडबॉल टीम का ट्रायल 30 अक्टूबर को बिलासपुर में लिया गया। ट्रायल के लिए ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा तीन चयनकर्ता तैनात किये गए थे जिनमें निजी हैंडबॉल अकादमी संचालिका भी थी। ट्रायल के समय निजी हैंडबॉल अकादमी की संचालिका की मौजूदगी पर भी आपत्ति जताई गई थी। ट्रायल में हिस्सा लेने वाली 50 में से 23 खिलाड़ी महिला के ही अकादमी की प्लेयर थीं। इस बारे खिलाड़ियों ने इस बारें में ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयन समिति के अध्यक्ष डीडी तनवर ने बात की गई तो बात को अनसुना कर दिया गया। ट्रायल के बाद खिलाड़ियों को चयनित खिलाड़ियों की सूचना कोच को देने की बात कही गई। खिलड़ियों ने बताया कि जब चयन के बारे में पता किया तो हैंडबॉल अकादमी संचालिका स्नेहलता ने 16 खिलाड़ियों की टीम में 15 खिलाड़ी अपने ही अकादमी से चयन करवा लिए।

## यूपी की किरन देवी ने 2000 मीटर सिंगल स्कल में जीता रजत

पुणे, 1 नवंबर। 37वें राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश की किरन देवी ने महिला 2000 मीटर सिंगल स्कल में रजत पदक जीता। किरन देवी का राष्ट्रीय खेलों में यह दूसरा पदक है। गोवा के मापुसा में चपोरा नदी में आयोजित स्पर्धा में किरन ने 7:38.9 मिनट का समय निकालते हुए रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश की खुशप्रीत कौर ने 7:33.1 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल की श्वेता ब्रहमाचारी को 7:41.9 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक मिला।

किरन के माता और पिता पुणे में प्राइवेट नौकरी करते है और वहीं पर एआरएम यानि आर्मी रोइंग नोड में रोइंग का अभ्यास देखकर उसे उसे इस खेल के प्रति लगन लगी और फिर उसने रोइंग की प्रैक्टिस करनी शुरू की।

मूल रुप से झांसी के निवासी माता-पिता का अपनी सीमित तनख्वाह में बेटी के खेल को आगे बढ़ाना मुश्किल था लेकिन फिर भी उन्होंने बेटी के प्रोत्साहन में कोई कसर नहीं छोड़ी। बीए की छात्रा किरन आज रोइंग में अपना भविष्य तलाश रही है तो इसका बहुत बड़ा श्रेय उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियो को जाता है, दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन व पुरस्कार राशि वो अपने खेल प्रशिक्षण पर व्यय करती है। किरन अभी करीब दो साल से ही रोइंग का अभ्यास कर रही है।

## महाराष्ट्र ने मेघालय और केरल ने मणिपुर को हराया

फतोर्दा, 2 नवंबर। केरल ने मणिपुर और महाराष्ट्र ने मेघालय को 37वें राष्ट्रीय खेलों के अपने-अपने ग्रुप बी पुरुष फुटबॉल मुकाबलों में गुरुवार को हराते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने की ओर एक कदम बढाया। गोवा के फतोर्दा में आज दिन के पहले मुकाबले में महाराष्ट्र ने मनदीप सिंह मुल्तानी और अवदित के पहले हाफ किये गये दो गोलों की मदद से मेघालय को 2-1 से हरा दिया। मेघालय की ओर से मायलीम्पदाह एक गोल किया, लेकिन महाराष्ट्र अपनी मामूली बढ़त को बरकरार रखने में सफल रहा। इस जीत के साथ ही महाराष्ट्र के दो मुकाबलों में चार अंक हो गए। वहीं दिन के दूसरे मैच में केरल ने मणिपुर के शुरुआती प्रतिरोध को झेलते हुए 3-1 से जीत हासिल की। अरुण ने सातवें मिनट में केरल को बढ़त दिला दिलाई। मणिपुर ने पेबाम रेनेडी सिंह दो मिनट के भीतर गोलकर स्कोर बराबर कर दिया।

## सुल्तान जोहोर कप के सेमीफाइनल भारतीय जूनियर्स जर्मनी से भिड़ने को तैयार

जोहोर बाहरू (मलेशिया), 2 नवंबर। एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप से पहले अपने मनोबल में इजाफा करने के इरादे से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के सेमीफाइनल में शुक्रवार को विश्व नंबर दो जर्मनी को कड़ी टक्कर देगी।

गत चैंपियन भारत जोहोर कप में अब तक का अजेय रही है। भारत ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ 3-3 से रोमांचक ड्रॉ खेला जबकि भारतीय लड़कों ने मलेशिया को 3-1 से और न्यूजीलैंड को 6-2 से हराकर पूल बी में शीर्ष स्थान के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय कप्तान उत्तम ने कहा पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में पांच मिनट शेष रहते हमने तीसरा गोल दाग कर मुकाबले को बराबरी पर खत्म किया। इस नतीजे ने टीम को अच्छी स्थिति में ला दिया, खासकर हमारे आत्मविश्वास के मामले में।

भारत का आखिरी बार जर्मनी से सामना अगस्त में चार देशों के टूर्नामेंट अंडर 21 मेन में हुआ था जहां भारतीय अपने दोनों मैच 6-1 और 3-2 के अंतर से हार गए थे। भारतीय कप्तान ने कहा जर्मनी दुनिया में दूसरे स्थान पर है और हम तीसरे स्थान पर हैं लेकिन टीमों के बीच अंतर ज्यादा नहीं है और जो टीम उस दिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी वह फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी।

यह निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण सेमीफाइनल होगा, लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ खेलेंगे और अपनी ताकत के अनुसार खेलने का लक्ष्य रखेंगे। जर्मनी उन टीमों में से एक है जो आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में भी भाग लेगी और भारतीय सुल्तान जोहोर कप खिताब की रक्षा करने के साथ यूरोपीय हॉकी के बाजीगर को हराने का इरादा कर चुके हैं।